Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:21 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:56 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 79 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 12 सितम्बर 2026

नागपुर में आयोजित महोत्सव में...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों ने काला फीता बांधकर जताया विरोध

**अल्मोड़ा।** उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारियों के आह्वान पर जिले के समस्त मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों ने शुक्रवार को काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। सिंचाई खंड अल्मोड़ा कार्यालय में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी मांगों को लेकर आक्रोश जताया। मंडलीय महामंत्री पंकज कुमार जोशी ने कहा कि मिनिस्ट्रीयल कार्मिक लंबे समय से 12 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। उन्होंने कहा कि जब तक शासन और सरकार मांगों के संबंध में राजाज्ञा जारी नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में ललित मोहन भट्ट, महेंद्र सिंह गुसाईं, धीरेंद्र कुमार पाठक, पान मेर, दीपक पांडे, राजबाला, रेनू रावत, किशन नेगी, नवीन चंदोला, दीप चंद्र, जीवन चंद्र, लक्ष्मण सिंह, विजय कुमार आदि रहे।

### किच्छा होकर कोलकाता जाएगी पूजा स्पेशल ट्रेन

**रुद्रपुर।** त्योहारी सीजन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने लालकुआं से कोलकाता के लिए साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इसके आठ फेरे लगाए जाएंगे। यह ट्रेन किच्छा होते हुए गोरखपुर के रास्ते कोलकाता जाएगी। लालकुआं से कोलकाता के लिए ट्रेन आठ अक्तूबर से 26 नवंबर तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को लालकुआं से दोपहर 12:35 बजे रवाना होगी। किच्छा में इसका आगमन 12:57 बजे होगा। इसके बाद भोजीपुरा, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती होते हुए दूसरे दिन रात दो बजे गोरखपुर पहुंचेगी। उसके बाद कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल, नैहाटी होते हुए रात 11:55 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

# दो बेटे बेहोश मिले, 30 घंटे बाद आया होश तो खुला लाखों की चोरी का राज

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

डहरिया में पांच सितंबर को दो बेटे अलग-अलग कमरों में बेहोश मिले और परिवार सुशीला तिवारी अस्पताल में जिंदगी की जद्दोजहद करता रहा। करीब 30 घंटे बाद जब होश आया और महिला घर लौटी तो वहां दूसरा ही झटका इंतजार कर रहा था। अलमारी से करीब साढ़े सात लाख रुपये नकद और लगभग सात लाख रुपये के सोने के आभूषण गायब थे। सबसे बड़ा सवाल यह कि अलमारी की चाबियां अपनी जगह पर थीं। अब महिला ने पुलिस को तहरीर देकर मामले के खुलासे की मांग की





है। डहरिया, रामपुर रोड निवासी रीता बोरा पत्नी स्वर्गीय योगेंद्र सिंह बोरा के अनुसार पांच सितंबर को उनके दोनों पुत्र घर के अलग-अलग कमरों में बेहोशी की हालत में मिले। परिवार में अफरा-तफरी मच गई और दोनों को तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान करीब 30 घंटे बाद दोनों को होश आया।

इसके बाद जब रीता घर पहुंचीं और सामान देखा तो अलमारी से नकदी और जेवर गायब मिले। महिला के मुताबिक अलमारी में करीब 7.50 लाख रुपये नकद रखे थे, जबकि करीब 7 लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण भी थे। आरोप है कि दोनों ही अलमारी से गायब हैं। खास बात यह है कि अलमारी की चाबियां अपनी जगह पर ही थीं। महिला के मुताबिक घटना की परिस्थितियां सामान्य चोरी की तरफ इशारा नहीं करतीं। पहले दोनों बेटों का अलग-अलग कमरों में बेहोश मिलना और इसके बाद अलमारी से लाखों की नकदी व जेवर गायब होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

महिला को आशंका है कि इस वारदात में किसी करीबी का हाथ हो सकता है। हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के चलते महिला पुलिस को तहरीर देने में देरी होने की बात कह रही हैं। अब उन्होंने पुलिस को मामले में तहरीर सौंप जांच कर नकदी और जेवर बरामद कराने तथा दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पति की मृत्यु के बाद रीता अपने परिवार के साथ रह रही हैं और घर के निचले हिस्से में दवाइयों का कारोबार करती हैं। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है।

पुलिस जांच के बाद ही साफ होगा कि दोनों बेटों के बेहोश होने और लाखों के माल के गायब होने के पीछे आखिर क्या कड़ी जुड़ी है। पुलिस मामले की जांच में जुड़ गई है पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

अबू धाबी के क्रॉउन प्रिंस के साथ पीएम मोदी ने की बैठक

# ब्रिक्स समिट 2026: दिल्ली पहुंचे जिनपिंग, पीएम मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली
एजेंसी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग शनिवार को नई दिल्ली पहुंच गए हैं। वह 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत दौरे पर आए हैं। सम्मेलन से इतर शी जिनपिंग की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी होगी।

शी जिनपिंग प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारत पहुंचे हैं। सात साल बाद चीनी राष्ट्रपति का यह पहला भारत दौरा है। इससे पहले वे वर्ष 2019 में चेन्नई के पास मामल्लापुरम में आयोजित अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए थे। चीनी राष्ट्रपति के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। इसमें चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की पोलित ब्यूरो स्थायी समिति के सदस्य और केंद्रीय समिति के जनरल ऑफिस के निदेशक काई ची और विदेश मंत्री व पोलित ब्यूरो सदस्य वांग यी शामिल हैं।



पीएम मोदी और जिनपिंग की इस बैठक को लेकर चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में मीडिया को बताया कि कजान और तियानजिन की बैठकों के बाद यह लगातार तीसरा साल है जब दोनों नेता आमने-सामने मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन दोनों शीर्ष नेताओं के रणनीतिक मार्गदर्शन के आधार पर काम करने, द्विपक्षीय रिश्तों को दीर्घकालिक नजरिए से देखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग मजबूत करने और आपसी मतभेदों को ठीक से सुलझाने के लिए भारत के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहता है।

### राष्ट्रपति मुर्मू से मिले पेजेशकियन, दिल्ली पहुंचे उज्बेकिस्तान के उप प्रधानमंत्री

भारत की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग आज दोपहर दिल्ली पहुंचेंगे। जिनपिंग इस दौरे पर पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। इससे पहले इंडोनेशिया, फिलीपींस के अलावा अफ्रीकी देश नाइजीरिया से कई अन्य मेहमान भी भारत पहुंचे। वियतनाम के विदेश मंत्री ले होआई ट्रुंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे।

# कांग्रेस की सदस्यता मेरे खून में, पार्टी पर असर पड़ा तो छोड़ दूंगा पद:पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत

देहरादून
हमारे संवाददाता

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सदस्यता मेरे खून और हड्डियों में है। हरीश रावत जो कुछ भी है, उस सबका निर्माण करती है। वह तो मेरे साथ ही स्वर्ग में भी जाएगी। सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट में उन्हॉन कहा कि यदि कल-परसों देहरादून में ईडी का जो पाखंडपूर्ण चकल्लस हुई है और मैंने यह कहा है कि यदि उससे कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के नैरेटिव पर कोई असर पड़ता है, तो पार्टी के जो पद मेरे पास हैं, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य और एआईसीसी की वर्किंग कमेटी के सदस्य मैं उन पदों से त्यागपत्र देना चाहूंगा।

पूर्व सीएम रावत ने कहा कि वह नहीं चाहते कि उनके किसी कार्य से पार्टी का संघर्ष कमजोर हो। प्रवर्तन निदेशालय ने उनके ओएसडी के परिसरों पर छापा मारा था। यह छापा 2016 की उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन जांच के संबंध में था। रावत ने अपने सहयोगी द्वारा किसी भी गलत काम के आरोपों से इन्कार किया। उन्होंने कहा कि टेलीविजन पर उनके निजी सहायक से नकदी और आभूषण जब्त होने की खबरें थीं।

रावत ने स्वीकार किया कि जीना उनके ओएसडी रहे हैं। उन्होंने पार्टी और सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। उन्होंने जीना को एक विनम्र और मेहनती व्यक्ति बताया। रावत ने कहा कि यदि ग्राम सेवकों की भर्ती में ओएमआर शीट से छेड़छाड़ हुई है, तो उन्हें शर्म आएगी। हालांकि, उन्हें इस आरोप पर विश्वास नहीं है। उन्होंने उत्तराखंड विधानसभा चुनावों में बड़ा दांव लगने की बात कही। कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर लड़ रहे हैं। राहुल गांधी छात्रों की गूंज कार्यक्रम से शिक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। रावत ने भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि चुनाव तब होते हैं जब सीबीआई उनके दरवाजे पर आती है। इस बार उनके सहयोगी के घर पर दस्तक देकर एक कहानी गढ़ने का प्रयास किया गया है। रावत ने कहा कि ऐसे समय में यदि उनके किसी कार्य से पार्टी का संघर्ष कमजोर होता है, तो वह ऐसा बिल्कुल नहीं चाहेंगे। इसलिए उन्होंने यह बड़ा निर्णय लिया है।

# झबरावाला गांव में हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत, दहशत

देहरादून
हमारे संवाददाता

डोईवाला के कांसरो वन रेंज के झबरावाला गांव में हाथी के हमले से एक ग्रामीण की जान चली गई। यह घटना शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे हुई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय जमील पुत्र असगर अली के रूप में हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति गहरा रोष है।

जानकारी के अनुसार, जमील अपने साथी नफीस के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। गांव के खेतों के पास हाथीकुंड क्षेत्र में अचानक एक हाथी उनके सामने आ गया। दोनों हाथी को देखकर बदहवास होकर भागने लगे। इसी दौरान हाथी ने जमील को अपनी चपेट में ले लिया। हाथी ने जमील को उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। हाथी सुरक्षा दीवार को कूदकर या तोड़कर खेतों और आबादी क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों को हमेशा जान-माल के नुकसान का खतरा बना रहता है। ग्रामीण इस समस्या से बेहद परेशान हैं। उन्होंने वन विभाग से हाथियों की आबादी क्षेत्र में आवाजाही रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीण की मौत से गांव में शोक के साथ-साथ आक्रोश भी है।

### जम्मू-कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह स्थित सेओज धार इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद के एक पाकिस्तानी आतंकी कमांडर का शव बरामद किया। आतंकी को पहले एक संयुक्त अभियान के दौरान मार गिराया गया था।

एसओजी डोडा, राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और सीआरपीएफ की टीम ने तलाशी अभियान के दौरान आतंकी के शव बरामद किए। मुठभेड़ स्थल से अमेरिकी निर्मित एम4 राइफल भी बरामद हुई है। सुरक्षाबलों ने बरामद शव और हथियार को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर रही। सुरक्षाबलों की ओर से इलाके में अभियान और तलाशी की कार्रवाई जारी है।

# आज प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मौसम विज्ञान केंद्र ने 12 सितंबर को देहरादून समेत टिहरी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और उत्तरकाशी जिले के कुछ इलाकों में बिजली चमकने के साथ भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

उत्तराखंड में मानसून की धीमी रफ्तार के बीच पर्वतीय इलाकों में तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 12 सितंबर को देहरादून समेत टिहरी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और उत्तरकाशी जिले के कुछ इलाकों में बिजली चमकने के साथ भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। जबकि अन्य जिलों में भी गर्जन के साथ तेज बारिश होने की संभावना है। 17 सितंबर तक



प्रदेशभर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा। उधर शुक्रवार को मैदानी इलाकों में दिनभर चटक धूप खिलने से गर्मी ने परेशान किया। राजधानी दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री बढ़ोतरी के साथ 34.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि देर शाम हुई तेज दौर की बारिश से मौसम सुहाना हो गया और रात का न्यूनतम तापमान सामान्य दर्ज किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य मैदानी इलाकों में रहा।

# देशभर की तरह उत्तराखंड में भी बैंकों की हड़ताल

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

यूनाइटेड फोरम आफ़ बैंक यूनियंस के बैनर तले शुक्रवार को देहरादून में बैंक कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल की। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि देश में सप्ताह में पांच दिन बैंक खुले। देशभर में ये हड़ताल हो रही है। देहरादून में भी करीब चार हज़ार कर्मचारी हड़ताल पर है।

एश्ले हाल चौक पर हड़ताल पर बैठे बैंक कर्मचारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, बैंक कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान करने सहित कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कर्मचारियों का कहना था कि लंबे समय से उनकी मांगों को लेकर सरकार और संबंधित स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है।

उधर शुक्रवार को नैनीताल शहर के सभी सरकारी एवं निजी बैंक पूर्ण रूप से बंद रहे। बैंक हड़ताल के कारण दिनभर बैंकिंग सेवाएं ठप रहने से नगर में अनुमानित सवा सौ करोड़ रुपये का वित्तीय लेनदेन प्रभावित हुआ जिससे




आम जनता और व्यापारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

हड़ताल के दौरान लामबंद हुए बैंक कर्मचारियों ने भारतीय स्टेट बैंक की मुखय शाखा के बाहर एकत्र होकर केंद्र सरकार और बैंक प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया । उत्तरांचल बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रवीण साह ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारी मुख्य रूप से फाइव-डे बैंकिंग लागू करने और समान रूप से परफ र्मेंस लिंकड इंसेंटिव देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सीनियर एग्जीयूटिव स्तर के अधिकारियों को इंसेंटिव दिया जा रहा है जबकि निचले स्तर के कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है जो सरासर अन्यायपूर्ण है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो 28 सितंबर से तीन दिवसीय हड़ताल की जाएगी और इसके बाद भी समाधान न निकलने पर अकटूबर के दूसरे सप्ताह से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। इस मौके पर अभिषेक अधिकारी, रमेश बिष्ट, शिखर साह, राधा खनका, लीला आर्या, ममता बजावल, प्रियंका पंत, संजय बोरा, कमल गोस्वामी, अतुल साह, अंकित सिंह, विनोद वाल्मीकि और नीरज तिवारी सहित अनेक बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रुद्रपुर में मांगों का चार्ट लेकर सड़कों पर उतरे बैंककर्मी

रुद्रपुर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर शुक्रवार को देशव्यापी एक दिवसीय बैंक हड़ताल का असर रुद्रपुर में भी दिखाई दिया। विभिन्न बैंकों के अधिकारी–कर्मचारी पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा के सामने एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। इसके बाद बैंककर्मियों ने शहर के प्रमुख स्थानों और बैंकों के सामने जुलूस निकालकर नारेबाजी की।

## राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का किया गया मौके पर निस्तारण:बिष्ट

नैनीताल । खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार को जन जन की सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत रामगढ़ विकास खण्ड के न्याय पंचायत बोहराकोट के विभिन्न ग्राम पंचायतों के लाभार्थियों/क्षेत्रीय जनता को लाभान्वित करने के उद्देश्य से आयोजित बहुद्देशीय शिविर में विभाग की ओर से कई जानकारी दी। इस दौरान उनकी ओर से राशन कार्ड संबंधी कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पूरे जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में राशन कार्डों के सत्यापन हेतु टीमों का गठन किया गया है जो घर घर जाकर राशन कार्ड का सत्यापन कर रहे हैं इसका यही उद्देश्य है कि जो लोग वर्तमान में पात्रता की श्रेणी से बाहर हो गए हैं उनके राशन कार्ड निरस्त कर उनके स्थान पर पात्र का चयन कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जा सके । बिष्ट ने कहा कि सभी राशन कार्ड धारकों को अपने राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य की ई केवाईसी करानी अनिवार्य है इसे संबंधित राशन की दुकान अथवा घर बैठे मेरा ई केवाईसी एप डाउनलोड कर भी किया जा सकता है ।




# सैनिक स्कूल की शिक्षिका बिष्ट को मिला प्रतिष्ठित ज्ञान गंगा सम्मान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की रसायन विज्ञान प्रवक्ता व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी बिष्ट को देहरादून स्थित मुखयमंत्री सेवा सदन में प्रतिष्ठित ज्ञान गंगा सम्मान-20260 से सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्मृति चिन्ह व शॉल भेंटकर उन्हें सममानित किया।

बता दें कुसुम कांता फ उंडेशन और मंथन वेल्फेयर सोसायटी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुरुजनों व मेधवी बच्चों को यह सममान दिया जाता है। बिष्ट को यह सममान उनके द्वारा विद्यार्थियों एवं एन एस एस स्वयंसेवकों को समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता के कार्यों के लिए निरंतर प्रेरित करने तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ज्योति प्रकाश, प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती तथा पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डा. रेनू बिष्ट समेत सभी शिक्षकगणों,कर्मियों व छात्र-छात्राओं के साथ ही उत्तराखंड विवि कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष डा.लक्ष्मण सिंह रौतेला तथा मुखय संरक्षक भूपाल सिंह करायत ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# नैनीताल में सेवा संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा, संघर्ष और सुशासन की ऐतिहासिक यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर नैनीताल कलब में मंडल कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का शुभारंभ मुखय वक्ता उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री एवं पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र ढेला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा नैनीताल मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की तथा संचालन मंडल महामंत्री हरीश सिंह राणा एवं दर्जा राज्यमंत्री शांति मेहरा ने किया।दर्जा राज्यमंत्री श्रीमती शांति मेहरा एवं मंडल महामंत्री हरीश राणा ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने में सक्रिय सहयोग करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। मुखय वक्ता श्री देवेंद्र ढेला ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से प्रत्येक कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से जन.जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यशाला में अभियान के अंतर्गत एक माह तक आयोजित होने वाले विभिन्न सेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी, मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारीए अभियान से जुड़े कार्यकर्ता तथा पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## NEWS / फटाफट

### हाईकोर्ट ने प्रधानाचार्य सिंह के निलंबन आदेश पर लगाई रोक

नैनीताल । हाईकोर्ट ने हरिद्वार जिले के एक शासकीय सहायता प्राप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सत्यपाल सिंह के निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए 1 अप्रैल 2016 को प्रबंधक द्वारा जारी निलंबन आदेश के प्रभाव व क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक स्टे दे दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप बेहद मामूली प्रकृति के हैं और निलंबन से पहले सीईओ की अनिवार्य अनुमति भी नहीं ली गई थी। हाईकोर्ट ने प्रतिवादी संखया 6 को चार सप्ताह में नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है तथा अन्य प्रतिवादियों को अगली सुनवाई से पहले काउंटर हलफ नामा दाखिल करने की अनुमति दी है। मामले की अगली सुनवाई 27 अकटूबर 2026 को होगी।

### आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ न मिलने पर सूचित करें

नैनीताल । सीएमओ डॉ. रश्मि पंत द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों की जानकारी साझा की गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध अथवा गैर सूचीबद्ध निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर लाभार्थी सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। कहा कि यदि किसी लाभार्थी को सूचीबद्ध अथवा गैर.सूचीबद्ध निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह तत्काल उनसे संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिकायत का संज्ञान लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### युवाओं को नशे की लत से दूर रहना बेहद जरूरी: प्रो.तिवारी



नैनीताल । कुविवि के डीएसबी परिसर में शुक्रवार को बीएससी के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति शपथ,मानसिक स्वास्थ्य शपथ तथा एंटी रैगिंग शपथ ली। परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने सभी को शपथ दिलाई । प्रो. तिवारी ने कहा कि हमें नशे से दूर रहना है,हमारा मानसिक स्वस्थ महत्वपूर्ण है तथा रैगिंग से सभी को दूर रहना है । ये सब हमारे परिसर में न हो इससे भी सुनिश्चित करना है । प्रो. तिवारी ने कहा कि परिसर के हर विद्यार्थी की यह जिममेदारी है जिससे देश के युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सके तो शुरुआत अपने से करने होगी ताकि मजबूत व्यक्तित्व का निर्माण हो सके । कार्यक्रम में प्रो. सुषमा टमटा, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ हिमानी कार्की, जगदीश पपने, संतोष कुमार, मोहित खाती तथा राधा बिष्ट सहित विद्यार्थी शामिल रहे।

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने किया पौधरोपण



नैनीताल । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 787वे दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 787वें दिन नारायण नगर के नारायण स्वामी आश्रम परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की पुण्यतिथि पर मंदिर के व्यवस्थापक दीप चंद्र पांडे के देखरेख में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में दीप चंद्र पांडे ने कहा कि वह पूर्व से ही पौधारोपण करते आ रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य माया मेहता ने कहा कि पौधारोपण अभियान से सभी को जुडना चाहिए और प्रकृति की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता दीप चंद्र जोशी तथा हर सिंह व गौरव पांडे उपस्थित रहे।

# 163 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण:सीएमओ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ज्योलिकोट क्षेत्र में जल जनित रोगों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है।

सीएमओ डॉ. रश्मि पंत के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमों द्वारा लगातार निगरानीए घर.घर सर्वेए स्वास्थ्य परीक्षण, सैंपलिंग एवं आवश्यक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा आज विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों में 163 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 98 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकता के अनुसार 13 मरीजों को भर्ती किया गया।जिलाधिकारी के सहयोग से मुहैया कराई गई रैपिड किट के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में घर.घर सैंपलिंग की गई तथा कुल 65 बलड़ सैंपल लिए गए साथ ही पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए पानी के 4 सैंपल लिए गए हैं।सचल चिकित्सा वाहन द्वारा 43 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। सीएमओ के निर्देशों के अनुपालन में 11 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में साईं हॉस्पिटल हल्द्वानी के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं बृजलाल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. मुकेश कुमार द्वारा ओपीडी सेवाएं प्रदान की गईं।

## डीएम ने दिये जल संस्थान व निगम के अफसरों को कड़े निर्देश

ज्योलिकोट एवं समीपवर्ती क्षेत्रों में दूषित पेयजल से उत्पन्न स्थिति के दृष्टिगत जल संस्थान द्वारा शुक्रवार को भी क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति का कार्य निरन्तर जारी रखा गया। जल संस्थान व निगम के अधीक्षण अभियन्ता तथा अधीक्षण अभियन्ता के द्वारा जनप्रतिनिधियों व विभागीय टीम के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र के विभिन्न पेयजल टैंकों, स्रोतों एवं पाईप लाईनों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टैंकों की सफाई, कलोरीनेशन तथा एवं मरममत के कार्य युद्धस्तर पर कराये जा रहे हैं।दूसरी ओर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने पेयजल विभाग को कड़े निर्देश दिये हैं कि ज्योलिकोट क्षेत्र में पेयजल की शुद्धता एवं नियमित आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी।

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

स्वास्थ्य महकमे के कुमाऊ मंडल के निदेशक डॉ के के अग्रवाल, मुखय चिकित्सा अधिकारी नैनीताल डा.रश्मि पंत एवं संयुक्त निदेशक डॉ0 योगेश चन्द्र पुरोहित द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ज्योलीकोट एवं पीलिया प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में पीलिया एवं जल जनित रोगों के बढ़ते प्रकोप का संज्ञान लिया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जनस्वास्थ्य की सुरक्षा तथा महामारी के प्रभावी रोकथाम हेतु निदेशक द्वारा मुखय चिकित्सा अधिकारी के चिकित्सा अधिकारियों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ज्योलीकोट के चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गये। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु श्रेणीबद्ध कर लक्षित कार्यवाही की जाये।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## हवा से भी तेज!

*न्यायपालिका द्वारा कुरीतियों की भावना वालों पर कठोर प्रहार किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर ऐसे फैसले दिये हैं, जिससे निर्दोष को सजा से मुक्ति मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की कि दहेज के लिए बहू को सास-ससुर द्वारा प्रताड़ित करने की बातें हवा से भी तेज फैलती हैं। शीर्ष अदालत ने आरोपी सास को बरी कर दिया, जबकि हाईकोर्ट ने उसे सजा सुनाई थी। दहेज के लिए उत्पीड़न भारतीय समाज में कुरीति रही है।*

भारत के नागरिकों का न्यायपालिका पर विश्वास सदैव रहा है। कुरीतियों की जड़ें बहुत गहरी हैं। न्यायपालिका द्वारा कुरीतियों की भावना वालों पर कठोर प्रहार किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर ऐसे फैसले दिये हैं, जिससे निर्दोष को सजा से मुक्ति मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की कि दहेज के लिए बहू को सास-ससुर द्वारा प्रताड़ित करने की बातें हवा से भी तेज फैलती हैं। शीर्ष अदालत ने आरोपी सास को बरी कर दिया, जबकि हाईकोर्ट ने उसे सजा सुनाई थी। दहेज के लिए उत्पीड़न भारतीय समाज में कुरीति रही है। कुरीतियां अशिक्षित और निम्न वर्ग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शिक्षित लोग भी भावनात्मक रूप से उबर नहीं पाये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। वर्ष 2001 में एक गर्भवती महिला अपनी ससुराल में मृत मिली थी। उसके पिता ने ससुरालियों पर दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए कहा था कि उसका दामाद शहर के बाहर था। सास-ससुर और देवर ने दहेज के लिए उत्पीड़न किया और विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। निचली अदालत ने ससुर और देवर को बरी कर दिया था। सास को तीन साल की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सास की सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने फैसले में कहा कि मृतका की मां के बयान से यह स्पष्ट हुआ कि दहेज उत्पीड़न को आत्महत्या की वजह नहीं माना जा सकता। महिला के पड़ोसी ने भी दहेज के आरोपों को गलत बताया। कानून सख्त होने से दहेज की प्रथा नगण्य रह गई है। विवाहिता का ससुराल में कोई भी विवाद होने पर दहेज से जोड़ दिया जाता है। कुछ साल पहले मायके वालों के उकसाने पर विवाहिता दहेज उत्पीड़न का आरोप लगा देती थीं। पुलिस द्वारा बिना विवेचना के सास-ससुर, देवर-जेठ, ननद आदि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाता था। ससुराल पक्ष लम्बे समय तक मुकदमा लड़ने के बाद बरी होता था। एक तरह से दहेज विरोधी कानून के दुरुपयोग से ससुराल पक्ष का उत्पीड़न हो रहा था। अब न्यायपालिका ने सख्त हिदायत दी है कि पुलिस बिना सोचे-समझे ससुराल पक्ष के सभी लोगों को गिरफ्तार न करे। विवाहिता के मायके वाले सुधरने को राजी नहीं हैं। दहेज रूपी कुरीति को विवाहिता के ससुरालियों को उत्पीड़ित करने का हथियार बनाकर अपनी बेटी का जीवन बर्बाद करने पर तुले रहते हैं।

# सीडीओ ने विकास योजनाओं की समीक्षा की

**कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए सांसद निधि व विधायक निधि के जो भी कार्य कराये जा रहे कार्यों में तेजी लाए**



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने विकास भवन सभागार में ग्राम्य विकास विभाग की जनपद में संचालित ग्राम्य विकास योजनाओं वीबीजी राम जी (मनरेगा), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामोत्थान रीप), प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, एवं ग्रामीण स्वच्छता के अन्तर्गत रूरल वेस्ट मैनेजमेंट, पुस्तकालयों की स्थाना, सांसद निधि, विधायक निधि आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

सीडीओ ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि वीबीजी राम जी के अन्तर्गत आंनबाड़ी केन्द्रो में जो भी कार्य कराये जा रहे है उन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देते हुए कहा कि सांसद निधि व विधायक निधि के जो भी कार्य कराये जा रहे है उन कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी बीडीओ निर्देश दिये कि लाइब्रेरी संचालन हेतु जो भी कार्य कराये जा रहे है उन कार्यों पूर्ण कराते हुए शीघ्रता से लाइबेरी संचालित कराया जाये। ग्रामीण क्षेत्र के कूड़े को पृथकीकरण करते हुये निस्तारण कराया जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी स्पॉट पर कूड़ा एकत्रित नही होना चाहिये, साथ ही कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहन को नियमित संचालन कराये। उन्होंने मनरेगा योजना में मानव दिवस बढ़ाने और अमृत सरोवरों पर आजीविका से संबंधित गतिविधियों को संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्थापित ग्रोथ सेन्टरों के सुचारु सचालन के निर्देश दिए। सभी ग्रोथ सेंटरों का संचालन रीप परियोजना के सहयोग से किया जाये। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक उन्यन एवं सामाजिक स्तर को बढ़ाने के लिये उनको जागरूक करते हुये उनकी आमदनी में बढोत्तरी हेतु उनको पूर्ण सहयोग करते हुए बजार की उपलब्धता कराने हेतु कार्य किया जाये। उन्होंने विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, एपीडी रमा गोस्वामी, बीडीओ केके कांडपाल समेत ग्राम्य विकास विभाग से सम्वन्धित योजनाओं के डीपीओ मनरेगा, ब्लाक मिशन मैनेजर एनआरएलम समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### नैनीताल में शाम को हुई बारिश

**नैनीताल ।** नैनीताल में शुक्रवार की शाम को रिमझिम पानी बरसा। दिन में मौसम धूप छांव का बीच सामान्य बना रहा। इधर नैनी झील से जल निकासी जारी है।

बता दें नगर में सुबह के समय मौसम साफ था और हल्की धूप निकली हुई थी। इसके बाद ही कोहरे के साथ बादलों का उमडना शुरू हो गया। जिसके चलते बारिस की संभावना बनी हुई थी लेकिन मौसम सुहावना बना रहा। सांय चार बजे बाद घने बादलों का जमावड़ा शुरू हो गया और पांच बजे रिमझिम बारिश शुरू हो गई।

इस बीच कुछ देर को मध्यम बारिश देखने को मिली जो जल्द ही थम भी गई। इधर मौसम विभाग के अनुसार यलो अलर्ट अभी भी जारी है और हल्की से मध्यम बारिश का क्रम आने वाले दिनों में भी बने रहते की संभावना है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 24 व न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। झील से एक इंच पानी की निकासी की जा रही है। झील का जलस्तर 88.7 फीट पहुंच गया है।

# विधायक की मौजूदगी में बूरानगर में जग्गा प्रधान ने सैकड़ों समर्थकों संग थामा भाजपा का दामन



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा की विकास परक सोच, रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर बूरानगर के उपप्रधान पति एवं समाजसेवी जगराज सिंह जग्गा प्रधान ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक ने सभी का भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी परिवार में स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में भी सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल निकासी सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं।भाजपा की नीतियों और विकास कार्यो से प्रभावित होकर लगातार बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। जगराज सिंह उपप्रधान पति (जग्गा प्रधान) के भाजपा में शामिल होने से बूरानगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी।कहा कि वह पूरी ताकत के साथ जग्गा प्रधान और उनके साथ जुड़े सभी साथियों के साथ खड़े हैं। बूरानगर क्षेत्र के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। जगराज सिंह (जग्गा प्रधान) ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया है। उन्होंने पार्टी की रीति-नीति को आगे बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास,भाजपा नेता सुरेश कम्बोज, प्रीत ग्रोवर, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश बजाज, प्रधान राजकुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## मारबत उत्सव: नागपुर में आयोजित महोत्सव में जैकी श्रॉफ हुए शामिल



*नागपुर में भव्य स्तर पर आयोजित मारबत महोत्सव में फिल्मी तड़का भी देखने को मिला। अभिनेता जैकी श्रॉफ और फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने शिरकत की।*

*नागपुर में बीते दिन ऐतिहासिक मारबत महोत्सव का आयोजन हुआ। उत्सव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिरकत की। उनके अलावा बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ और सुभाष घई भी शामिल हुए। जैकी श्रॉफ ने आयोजन की भव्यता देख खुशी जताई और कहा कि इसकी खबर पूरी दुनिया को होनी चाहिए। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, अभिनेता जैकी श्रॉफ ने नागपुर में हुए मारबत महोत्सव में शामिल होते हुए कहा, यह बहुत अच्छा प्रोग्राम है। पूरी दुनिया को इस प्रोग्राम के बारे में पता होना चाहिए। दुनिया में हर किसी को ऐसा प्रोग्राम देखना चाहिए। सिर्फ यहीं नहीं। हर किसी को इसे देखना चाहिए। मारबत महोत्सव 145 साल पुरानी अनोखी परंपरा है। नागपुर का मारबत उत्सव एक अनूठी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपरा है, जो हर साल पोला त्योहार के दूसरे दिन नागपुर में बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। मारबत उत्सव हर साल भाद्रपद महीने में मनाया जाता है।*

### मारबत उत्सव में क्या होता है?

*नागपुर के मारबत महोत्सव में बांस, कपड़े और कागज से बने बड़े-बड़े पुतलों (मारबत और बडग्या) की विशाल शोभायात्रा निकाली जाती है। इसमें भारी भीड़ उमड़ती है। नागपुर की गलियों में कई किलोमीटर का जुलूस निकलता है। इन पुतलों को नकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। शोभायात्रा के बाद बुराइयों व नकारात्मकता के प्रतीक इन पुतलों का दहन किया जाता है। यह उत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत और शहर से नकारात्मकता को दूर करने का संदेश देता है।*

# कांग्रेसी विपिन चंद्र को मिली दो जिलों की जिममेदारी

धारी

हमारे संवाददाता

विपिन चंद्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नैनीताल एवं प्रदेश सचिव उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी को केकेसी विभाग में नैनीताल एवं अल्मोड़ा जिले का प्रभारी बनाया गया है।

इस अवसर पर रघु कुमार, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख धारी, गंगा सिंह पूर्व प्रधान सुनकिया एवं हेम चंद्र पूर्व उपप्रधान चौखुटा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ केंद्रीय पूर्व मंत्री उदित राज एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केकेसी विभाग के चेयरमैन के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि विपिन चंद्र अपनी नई जिमेदारी का पूरी निष्ठा, समर्पण एवं सक्रियता के साथ निर्वहन करते हुए नैनीताल एवं अल्मोड़ा जिलों में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



# गौलापार में संकुल स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संकुल लाखनमंडी के अंतर्गत आने वाले0 30 प्राथमिक,8 0जूनियर हाई स्कूल एवं 12 प्राइवेट मान्यता प्राप्त स्कूलों की वार्षिक क्रीड़ा रैली 2026 पर्वत पबलिक स्कूल गौलापार में संपन्न हुई रैली का शुभारंभ पर्वत । पबलिक स्कूल के प्रबंधक पान सिंह ऐडी द्वारा हरी बच्चों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। लंबी कूद प्रतिष्ठा हेरीटेज कन्वेंट स्कूल प्रथम,नैंसी प्राथमिक विद्यालय नवाड खेड़ा द्वितीय,खुशबू प्राथमिक विद्यालय सुल्तान नगरी तृतीय स्थान पर रहे,इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में00 100 मीटर दौड़ में नैतिक जूनियर हाई स्कूल



गोविंद ग्राम प्रथम,आर्यन श्री राम द ग्लोबल स्कूल द्वितीय, रक्षित बिष्ट हेरीटेज कन्वेंट स्कूल तृतीय,2000 मीटर दौड़ में आर्यन श्रीराम द ग्लोबल स्कूल प्रथम,करन सर स्टीफन हॉकिंग द्विती,राज जूनियर हाई स्कूल गोविंद ग्राम तृतीय जबकि 400 मीटर दौड़ में अमित बोरा हेरीटेज कन्वेंट स्कूल प्रथम,आहिल अंसारी मॉडर्न पबलिक स्कूल द्वितीय, ललित जूनियर हाई स्कूल गोविंदग्राम तृतीय तथा 600 मीटर दौड़ में नैतिक जूनियर हाई स्कूल गोविंद ग्राम प्रथम, मनीष बोरा हेरीटेज कन्वेंट स्कूल द्वितीय तथा हर्ष श्री राम द ग्लोबल स्कूल तृतीय स्थान पर रहे जबकि लंबी कूद में रक्षित हेरीटेज कन्वेंट स्कूल प्रथ मएहर्षवर्धन श्रीराम द ग्लोबल द्वितीयए युवराज बि ष्ट स्टीफ न हॉकिंस तृतीय स्थान पर रहे। तारा सिंह ने बच्चों का आह्वान किया कि पढ़ाई की साथ.साथ खेल में भी बच्चे बढ़.चढ ?र प्रतिभाग करें अगर छात्रध् छात्राये शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगी तो मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगी उन्होंने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ.साथ खेल में भी बढचढ कर प्रतिभाग करने को कहा। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल एवं मोमेंटो देकर समानित किया गया। उक्त दो दिवसीय प्रतियोगिताओं में अभिलेखीकरण का कार्य पूर्णिमा कांडपाल, उमा कार्की और ओमप्रकाश द्वारा किया गया तथा निर्णायक के रूप में रेखा रानी सिद्याना, अमित जोशी, हरीश थापा, विमला पांडे, सपना महतोलिया, दीक्षा बृजवासी, चंद्रशेखर, उमेश चुफा ल, शिवेंद्र टमटा, उर्मिला लटवाल, दया धामी, लीला, गिरजेश पांडे, संतोष रौतेला, मनीष, चंद्रिका, पुष्पा कुंजवाल, पिंकी बसेरा, रमेश रौतेला, बलवंत सिंह कुंजवाल, गणेश दत्त, चंद्रशेखर सनवाल सहित अनेको शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही उक्त समस्त खेल प्रतियोगिताओं का संचालन खेल के संयोजक डिकर सिंह पडियार द्वारा किया गया । प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी आगामी प्रस्तावित तिथि 15 एवं 16 सितंबर को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे।

## News कॉर्नर

### नैनीताल मां नंदा महोत्सव के लिए सजने लगा

**नैनीताल** । आगामी 16 सितंबर से प्रस्तावित नंदा देवी महोत्सव के लिए बिजली की मालाओं से शहर सजने लगा है। पालिका की ओर से शहर को बिजली की मालाओं से सजाने एवं पांडाल आदि लगाने के लिए निविदा की जा चुकी है। मां नंदा देवी महोत्सव मुखय स्थल नयना देवी मंदिर समेत डीएसए मेला क्षेत्र, मॉलरोड व मल्लीताल व तल्लीताल बाजार को बिजली की मालाओं आदि से सजाने के लिए ठेका 10.15 लाख रुपये में हुआ जो साईं लाइट हाउस भवाली के स्वामी राहुल कनौजिया के नाम पर छूटा। जबकि मेला स्थल समेत अन्य स्थानों पर पांडाल एवं आठ स्थानों पर तोरण द्वार आदि के लिए ठेका 11.25 लाख रुपये में मैसर्स कृपा सिंधु बैंक्वेट हाल के स्वामी हरेंद्र सिंह बिष्ट के नाम पर छूटा। कार्यादेश जारी होने के बाद शहर को बिजली की मालाओं से सजाने एवं तोरण द्वार बनाने का कार्य शुरू किया जा चुका है। इधर डीएसए मैदान में ठाकुर इंटर प्राइजेज की ओर से जर्मन हैंगर समेत झूले आदि का निर्माण शुरू कर दिया है।

# एडीबी के करोड़ों के एसटीपी प्रोजेकट की शिफ्टिंग पर उठे सवाल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

रूसी में प्रस्तावित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) प्रोजेकट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने निरीक्षण के दौरान आरोप लगाया कि एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) से करीब सौ करोड़ रुपये का लोन लेकर शुरू किए गए प्रोजेकट पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं लेकिन अब इसे बंद कर दूसरी जगह शिफट करने की तैयारी की जा रही है जो क्षेत्र के लोगों को मंजूर नहीं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि शहरी विकास विभाग की ओर से एसटीपी के लिए रूसी में जमीन की व्यवस्था की गई थी। जिस पर करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। इसके बावजूद अब प्रोजेकट को समेटकर पटवाडांगर क्षेत्र की ओर शिफट किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि जब परियोजना पर बड़ी धनराशि खर्च हो



चुकी है तो उसे शिफ्ट करने की जरूरत क्यों पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनता से पर्याप्त संवाद नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि ज्योलीकोट क्षेत्र में हाल में दूषित पेयजल को लेकर बने संकटए बीमारियों और लोगों के अस्पताल पहुंचने की घटनाओं के बीच सीवेज व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे समय में परियोजना की दिशा बदलने से लोगों की चिंता बढ़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जनहित को नजरअंदाज कर परियोजना को थोपने अथवा बिना जनसंवाद के शिफट करने का प्रयास किया गया तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा।

इस दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.सतीश नैनवाल,कांग्रेस प्रवकता डा.गणेश उपाध्याय, क्षेत्र पंचायत सदस्य हिमांशु पांडे, मनोज चमियाल, देवेंद्र रावत, राजेंद्र मनराल, मनमोहन कनवाल व अन्य ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# ाहनों से तेल चोरी करते युवक को रंगे हाथ पकड़ा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के शेर का डांडा क्षेत्र में वाहनों से लगातार हो रही तेल चोरी की घटनाओं से परेशान स्थानीय लोगों ने देर रात एक युवक को तेल चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने पीटकर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए।

बता दें कि मल्लीताल सीआरएसटी इंटर कॉलेज के समीप खड़े टैकसी, बाइक और निजी वाहनों से पिछले कुछ समय से तेल चोरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। शिकायतों के बाद भी जब चोर का पता नहीं लग पाया तो लोगों ने क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगा कर निगरानी शुरू कर दी। बीरवार की देर रात करीब पौने तीन बजे कुत्तों के भौंकने की आवाज आई। लोगों ने सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध युवकों को देखा। इसी दौरान उन्होंने एक वाहन की तेल टंकी खोलकर तेल निकालने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने घेराबंदी कर



एक युवक को पकड़ लिया जबकि उसके साथी भाग निकले। वाहन स्वामी दीपा बिष्ट ने बताया कि उनकी गाड़ी से पहले भी तीन से चार बार तेल चोरी हो चुका है। उन्होंने बीते 28 अगस्त को पुलिस में शिकायत भी की थी। बाइक टैकसी चालक अर्जुन बिष्ट के अनुसार पकड़े गए युवक के पास से करीब पांच लीटर का डिब्बा और दस लीटर की कैन मिली जिसमें तेल भरा था। आरोपी के पास से एक पल्सर बाइक भी मिली है। पुलिस ने आरोपी व बाइक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है और फरार साथियों की तलाश की जा रही है। कोतवाल राजेंद्र रावत ने बताया कि मेडिकल के बाद युवक को हिरासत में लेकर अन्य युवकों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# न्याय पचांयत थपलिया महरा गांव में खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज नौकुचियाताल के प्रांगण में न्याय पचांयत थपलिया महरा गांव का खेल महाकुंभ प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत न्याय पंचायत स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम के मुखय अतिथि दुर्गा दत्त पलाडिया और विशिष्ट जितेंद्र चनौतिया, हेमा पाण्डेय आदि अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही प्रतियोगिता की शुरुआत मुखय अतिथि दुर्गा दत्त पलडि ?ा और प्रधानाचार्य गोपाल स्वरूप कोहली द्वारा दीप प्रज्वलित करके हुई इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र.छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई और जिससे पूरा माहौल खेल भावनाओं से सरोवर हो गया।फिर महाकुंभ के दौरान एथलेटिकस दौड़, लंबी कूद ऊंची कूद, गोला फेंक व चक्का फेंक, कबड्डी खो. खोए और मुर्गा झपटए खेल स्पर्धाए का आयोजन किया गया ।

ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्र के खिलाड़ीयों ने जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। विद्यालय के प्राधाचार्य व मुख्य अतिथि ने जी ने उपस्थित खिलाडि ?ों को छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल महाकुंभ युवाओं की जमीन स्तर से आगे बढ़ाने और अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय तक ले जाने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है उन्हें सभी खिलाडि ?ों को खेल को पूरी खेल भावना व अनुशासन के साथ खेलने का आह्वान किया। दौड में विजय प्रथम कमल द्वितीय, हर्षित तृतीय रहे।



## कूटा ने अधिकारी के निधन पर जताया शोक

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने डीएसबी परिसर के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ पूरन सिंह अधिकारी के पिताजी कुंवर सिंह अधिकारी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है ।

कूटा की तरफ से शोक जताने वालों में कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत कूटा परिवार शामिल रहा।

# शेरवुड कालेज ने अपने नाम की क्रैस्ट ट्राफी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के शेरवुड कालेज की ओर से आयोजित 14 वें ल्यूवेलिन क्रैस्ट राष्ट्रीय अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता में शेरवुड कालेज ने शानदार प्रदर्शन कर ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में देश के 10 प्रतिष्ठित पबलिक स्कूल शामिल हुए।

प्रतियोगिता के प्रथम चरण में रिटर्न टेस्ट हुआ। जिसमें 6 विद्यालय आगे की प्रतियोगिता में प्रवेश करने में सफल हो पाए। पहले सभी टीमों ने लिखित प्रतियोगिता में भाग लिया। उसके बाद 6 टीमों ने फाइनल के लिए प्रवेश किया जिनमें आरआईएमसी देहरादून, ला मार्टिनियर गर्ल्स लखनऊ, बिशप कॉटन स्कूल शिमला, वाइनबर्ग एलेन मसूरी, पाइनग्रोव स्कूल सोलन तथा शेरवुड कॉलेज नैनीताल शामिल रहे। प्रतियोगिता में कई राउंड आयोजित किए गए और फाइनल राउंड में शेरवुड कालेज और वाइनबर्ग एलेन पहुंचे। फ़ाइनल मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिली और अंत में शेरवुड कालेज ने विजय हासिल कर ट्रॉफी में कबजा जमा लिया। प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने इस मौके पर कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों का ज्ञान व चरित्र बनाने में महत्वपूर्ण होते हैं। प्रतियोगिता के दूसरे भाग में वाद.विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा और शनिवार (आज) को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। क्रैस्ट मास्टर आर पी सिंह व संदीप बिष्ट थे।

# रविंद्र सिंह रैकुनी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिला सहकारी बैंक को आखिरकार नया अध्यक्ष मिल गया। सहकारिता क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रविंद्र सिंह रैकुनी अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। अध्यक्ष पद के लिए उनके अलावा किसी अन्य प्रत्याशी के मैदान में नहीं रहने के बाद निर्वाचन प्रक्रिया में रैकुनी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उनके निर्विरोध निर्वाचन के साथ ही बैंक की नई संचालक समिति को नया नेतृत्व भी मिल गया है रैकुनी के लिए जिला सहकारी बैंक की कमान संभालना कोई नया अनुभव नहीं है। वह इससे पहले नैनीताल जिला सहकारी बैंक के संचालक के रूप में भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर के सहकारिता सम्मेलन से जुड़े प्रकाशित दस्तावेजों में वर्ष 2022 में उनका नाम नैनीताल जिला सहकारी बैंक



लिमिटेड, हल्द्वानी के निदेशक के रूप में दर्ज रहा है।

सहकारिता के क्षेत्र में उनकी सक्रियता यहीं तक सीमित नहीं रही। वर्ष 2025 में आयोजित सहकारिता महोत्सव में भी रैकुनी को नैनीताल जिले में सहकारिता के जिला संयोजक के रूप में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल किया गया था। लंबे समय से सहकारी संस्थाओं और बैंक से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रहने के चलते बैंक की कार्यप्रणाली और सहकारिता तंत्र से उनकी परिचितता को उनकी बड़ी ताकत माना जा रहा है नैनीताल जिला सहकारी बैंक के मौजूदा चुनाव में कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद अध्यक्ष पद की तस्वीर भी लगभग साफ हो गई थी। वार्ड-10 से रैकुनी का नाम भी निर्विरोध चुने गए संचालकों में शामिल रहा। इसके बाद अध्यक्ष पद पर भी उनका निर्विरोध निर्वाचन हुआ। रविंद्र सिंह रैकुनी के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अब नई संचालक समिति के सामने बैंक को और अधिक प्रभावी बनाने की चुनौती होगी। किसानों, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्र के खाताधारकों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच मजबूत करना उनकी प्राथमिक चुनौतियों में शामिल रहेगा।खासकर नैनीताल जिले के पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने, किसानों और सहकारी समितियों की जरूरतों के अनुरूप सेवाएं उपलब्ध कराने तथा सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाने की उम्मीद नए नेतृत्व से की जा रही है रैकुनी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों और समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।